# कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा

## अधिसूचना संख्या 05/2024

## पारा विधिक स्वयं सेवक (अधिकार मित्र) के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

## (यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के द्वारा कुल 10 रिक्त पदों के विरूद्ध पारा विधिक स्वयं सेवक (अधिकार मित्र)के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन करने हेतु आवेदन का प्रपत्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है या सिविल कोर्ट चतरा के अधिकारित वेबसाईट **https://chatra.dcourts.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।

आवेदन करने हेतु निम्निलिखित निर्देशों का पालन करना आवश्यक है :–

- आवेदन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा 825401 के पता पर स्वीकार किए जाएंगे।
- आवेदन सूचना की तिथि से लेकर दिनांक 12.12.2024 समय 04:30 बजे अपराहण तक ही स्वीकार किया जायेंगे।

**कौन आवेदन दे सकता है :–** चतरा जिला के अंतर्गत ऐसे व्यक्ति (महिला/पुरूष/अन्य) **जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर वर्गो एवं वंचितों के उत्थान में रूचि रखते हैं** या उनके लिए स्वैच्छिक सेवा करना चाहते हैं, जैसे–**कार्यरत या सेवानिवृत शिक्षक, कार्यरत या सेवानिवृत डॉक्टर, कार्यरत या सेवानिवृत फौजी एवं किन्नर** जो अपनी स्वेच्छा से दूसरों की सेवा में रूची रखते हों तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकार PLV के रूप में पहचाने जाने के लिए उपयुक्त समझें।

**पारा विधिक स्वयं सेवक (अधिकार मित्र) :–** पारा विधिक स्वयं सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता के लिए पीड़ितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य करना प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई करना जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा निर्देशित किया जाए।

**पदों की संख्याः–** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के द्वारा कुल 10 रिक्त पदों के विरूद्ध पारा विधिक स्वंय सेवक के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस संबंध में अन्तिम निर्णय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा का होगा।

**उम्र सीमाः–** न्युनतम 18 वर्ष। (22.11.2024 तक)

**शैक्षणिक योग्यताः–** मैट्रिक अथवा समकक्ष।

**मानदेयः– पी0एल0वी0 के कार्य पुर्णतः अस्थायी है एवं कोई वेतन नहीं है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के दिशा– निर्देश के आलोक में वर्तमान में प्रत्येक कार्य दिवस हेतु 700– (सात सौ रूपया) प्रतिदिन का मानदेय निर्धारित है जो प्रत्येक कार्य दिवस हेतु होगा तथा यह मानदेय केवल उन विशेष दिनों के लिए देय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें विशेष कार्य हेतु निर्देशित करती है या स्वंय सेवक अपने क्षेत्रों से किसी व्यक्ति को विधिक सहायता प्रदान करता है या अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविरों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाता है।**

**पात्रता/योग्यताः–** 1. आवेदक भारत का नागरिक हो 2. आवेदक चतरा जिला का निवासी हो 3. शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्था हो 4. अच्छा चरित्र का हो 5. समाज सेवा में रूचि रखता हो 6. किसी आपराधिक मामले का आरोपी/दोषी सिद्ध न हो।

आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं का प्रमाण पत्र लगाकर साथ ही स्वपता लिफाफा 42रू. का डाक टिकट चिपकाकर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, चतरा के कार्यालय में पंजीकृत डाक से या हाथों–हाथ अन्तिम तिथि 12/12/2024 की संध्या 05:00 बजे अनराहन् तक जमा कर सकते हैं। अन्तिम तिथि के बाद आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा एवं अपूर्ण/अधुरे आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। आवेदन भेजने का पता–सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायलय, चतरा पिन न0–825401.

पारा विधिक स्वंय सेवकों का चयन समिति द्वारा किया जाएगा एवं चयन के संबंध में अन्तिम निर्णय चयन समिति का होगा और सभी के लिए बाध्यकारी हागा।

ह0/–

**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा**

## आवेदन का प्रपत्र–(क)

1. आवेदित पद का नाम : पारा लिगल वोलेंटियर

यहाँ पर अपना अद्यतन पासपोर्ट साईज स्वहस्ताक्षरित फोटो चिपकाएँ

2. आवेदक / आवेदिका का नाम :

3. पिता / पति का नाम :

4. जन्म तिथि :

5. स्थायी पता :

6. पत्राचार पता :

7. लिंग : पुरूष / महिला (सही पर ✓ टीक करें।)

8. वर्ग : सामान्य / ओ0बी0सी0 / एस0सी0 / एस0टी0 (सही पर ✓टीक करें।)

9. मोबाइल नं0 (व्हाट्सएप नं0) :

10. आधार नम्बर :

11. Email ID (In Capital Letter) :

12. शैक्षणिक याग्यता :

| परीक्षा उत्तीर्ण | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | अंक प्रतिशत | वर्ग / श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रिक | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | |
| स्नातक | | | | |
| अन्य कोई योग्यता | | | | |

13. कोटि / वर्ग (सामान्य / पिछडा वर्ग / अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति :
14. वर्तमान नियोजन यदि है एवं पूर्व कार्यानुभव यदि है तो, विवरण दें :
15. सामाजिक कार्यों में किये गये कार्य यदि हो तो विवरण संलग्न करें :

### घोषणा पत्र

इस आवेदन में मेरे द्वारा दी गई समस्त विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। यह प्रमाणित किया जाता है कि न तो मेरे विरूद्ध कोई अपराधिक वाद लंबित है और न ही मुझे किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया है और न ही किसी नैतिक दुराचार से संबंधित किसी वाद में संलिप्त या संबंधित हूँ। मैं अवगत हूँ कि मेरे द्वारा उपर्युक्त किसी भी सूचना के गलत पाये जाने पर मेरी अभ्यर्थिता चयन के किसी भी स्तर पर रद्द की जा सकती है और मुझे परीक्षा में उपस्थिति से प्रतिबंधित किया जा सकता है। मैं यह भी जानता हूँ कि गलत या असत्य सूचना के आधार पर इन नियमों के अंतगर्त मेरी नियुक्ति होती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त / रद्द कर दी जायेगी और मेरे विरूद्ध अपराधिक / दण्डित कानूनों के तहत अभियोजन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है।

स्थान :

दिनांक :

आवेदक का हस्ताक्षर

<u>प्रवेश–पत्र (ख)</u>

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा।

क्रमांक संख्या : ......................................
(कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

फोटो चिपकायें

(अभ्यर्थी द्वारा भरा जायेगा– 1, 2 एवं 3)

1. आवेदक का नाम : ..........................................................................................................
2. पिता / पति का नाम : ......................................................................................................
3. पत्राचार का पता : ..........................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

4. साक्षात्कार का स्थान / केन्द्र : ........................................................................................
   (कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)
5. साक्षात्कार की तिथि : ......................................................................................................
   (कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

**6. अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ उनकी एक–एक छायाप्रति साथ में लेकर आएं।**

दिनांक :

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
व्यवहार न्यायालय, चतरा